# युवाओं के विकास के लिए जीवन कौशल जरूरी

## कौशल विकास विभाग और यूएनएफपीए के एमओयू पर आधारित ब्रोशर का विमोचन




**भोपाल, 20 अगस्त. कौशल विकास राज्य एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कौशल विकास संचालनालय में कौशल विकास विभाग एवं यूएनएफपीए की साझेदारी पर आधारित ब्रोशर का विमोचन किया. राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि कौशल विकास केवल तकनीकी शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के व्यक्तिगत निर्माण, संर्वागीण विकास के लिए जीवन कौशल अत्यंत आवश्यक है.**

उन्होंने बताया कि प्रदेश के लगभग 18 हजार युवाओं को हर वर्ष जीवन कौशल शिक्ष प्रशिक्षण दिया जा रहा है. मंत्री टेटवाल ने कहा कि जीवन कौशल शिक्षा का इस वृहद स्तर पर क्रियान्वयन मध्यप्रदेश के लिए अनूठी उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि यह प्रयास युवाओं को रोजगार के साथ जीवन में सफल होने के लिए भी तैयार कर रहा है.

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष कंट्री की प्रतिनिधि एंड्रिया एम. वोज़्नार ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के प्रयासों और सहयोग की सराहना करती हूँ.

उन्होंने कहा कि कौशल विकास संचालनालय के साथ मिलकर किये जा रहे कार्यक्रम युवाओं को न केवल रोजगारपरक कौशल प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से सुदृढ़, आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से जागरूक भी बना रहे हैं.

> इस अवसर पर कौशल विकास संचालनालय द्वारा यूएनएफपीए के तकनीकी सहयोग से संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम जीवन कौशल शिक्षा (जीवन तरंग), मानसिक स्वास्थ्य एवं सजगता कार्यशाला एवं डिजिटल स्टोरीटेलिंग कार्यशाला से संबंधित प्रशिक्षण अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए. इस अवसर पर कार्यक्रम की उपलब्धियों, विस्तार योजनाओं तथा प्रशिक्षकों के अनुभवों को भी साझा किया गया. यह साझेदारी मध्यप्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी मॉडल के रूप में स्थापित करेगी.




# संस्कार केंद्रों के 200 मेधावी बच्चों का सम्मान

**भोपाल, 20 अगस्त.** सेवा भारती महानगर अंतर्गत माधव मंडल की सेवा बस्तियों के 200 मेधावी छात्र-छात्राओं का मानसरोवर डेंटल कॉलेज सभागार कोलार में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा, मुख्य वक्ता सेवा भारती मध्य भारत के प्रांतीय सचिव विमल त्यागी, सेवानिवृत्त आईएएस जयश्री कियावत, पूजाश्री चौकसे, गौरव तिवारी, वी एस वाजपेयी, सुनील जैन जेनाविन सचिव भोपाल उत्सव मेला, महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, शैक्षणिक सामग्री और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया. सेवा भारती के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया मंडल अध्यक्ष मंजूलता शर्मा ने सेवा भारती के कार्यकलापों को बताया. मुख्य अतिथि विधायक शर्मा ने कहा कि समाज के शोषित वंचित और जरुरतमंदों को सेवा भारती शिक्षा और संस्कार देने का अनुकरणीय कार्य कर रही है. मुख्य वक्ता सेवा भारती मध्य भारत के प्रांतीय सचिव विमल त्यागी ने सेवा भारती के निस्वार्थ सेवा कार्यों को बताते हुए विस्तार के लिए समाज को आगे आने का आह्वान किया. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. समारोह में हरभजन शिवहरे, श्रीराम रघुवंशी, पुष्पलता साहू, अंकित पांडे, प्रवीण सक्सेना केंद्र के दानदाता और समाज के गणमान्य जन आदि उपस्थित थे.

### एक नजर में



#### टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य कोलंबो रवाना

**भोपाल.** आल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का 22 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के टेंट व्यापारी कोलंबो रवाना हुए. फेडरेशन ऑफ़ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के 128 टेंट व्यापारी श्रीलंका की राजधानी कोलंबो रवाना हुए. फेडरेशन के कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि इस अधिवेशन में देश भर से 26 प्रदेशों के व्यापारी अपनी सहभागिता करेंगे. महासचिव (संगठन) राजेश हार्डिया ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन 5 दिवसीय होगा, जो कि 20 से 24 अगस्त तक आयोजित होगा. महासचिव गुड्डा अग्रवाल ने बताया कि अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे, जिसमें प्रमुख रूप से जीएसटी की दरों को 18 प्रतिशत से कम कर 12 प्रतिशत किये जाने का प्रस्ताव पास किया जाना है. श्रीलंका में रवाना होने वालों में मुख्य रूप से परमजीत सिंह खनूजा, प्रदीप अग्रवाल, राजेश हडिया, संजय जैन, स्वदेश सोनी, मुन्ना वर्मा ,अमित खनूजा, मुकेश वर्मा, प्रदीप जैन, हरि नारायण गुप्ता आदि व्यापारी हैं.



#### वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मिश्र की कृति का लोकार्पण

**भोपाल.** प्रख्यात साहित्यकार एवं नर्मदा महाविद्यालय में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र की नवीन कृति 'डॉ. देवेंद्र दीपक विमर्श के विविध आयाम' का लोकार्पण दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय, भोपाल में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में दुष्यंत संग्रहालय के अध्यक्ष रामराव वामनकर उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, संस्थापक माधवराव सप्रे संग्रहालय ने की. इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र दीपक के शतायु कामना वर्ष का शुभारंभ भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार गोकुल सोनी ने किया. अपने उद्बोधन में संस्कृति मंत्री लोधी ने कहा कि डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र अपनी विशिष्ट व्याख्यान शैली और गहन साहित्यिक दृष्टि के कारण प्रभावशाली वक्ता तथा गंभीर चिंतक के रूप में विशिष्ट पहचान रखते हैं. कार्यक्रम में वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र दीपक, अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलाधिपति प्रकाश बरतूनिया, डॉ. सुधीर सक्सेना, रामवल्लभ आचार्य, डॉ. विनय राजाराम, डॉ. मनोज जैन, डॉ. मोहन तिवारी, सहित अनेक साहित्य मनीषी उपस्थित रहे. .

#### भेल परिक्षेत्र नो ड्रोन जोन घोषित, आदेश जारी

**भोपाल.** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भोपाल के परिक्षेत्र को नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है. पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है. जारी आदेश के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भोपाल के परिक्षेत्र को आकाशीय खतरों से निपटने हेतु संपूर्ण परिक्षेत्र को नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है. यह आदेश आगामी 02 महीने तक लागू रहेगा.

## भगवान महावीर फाउंडेशन ने पुरस्कारों के लिए आमंत्रित किए नामांकन

**भोपाल, 20 अगस्त. भगवान महावीर फाउंडेशन ने 29वें महावीर पुरस्कारों के लिए मध्य प्रदेश से नामांकन आमंत्रित किए हैं. निस्वार्थ भाव से बेसहारा और वंचितों की सेवा कर रहे नागरिक और संस्थाएं, इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं.**

पुरस्कार विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचलैया की अध्यक्षता में गठित, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों वाले निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा. फाउंडेशन वर्ष 1995 से देश भर में अहिंसा एवं शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा तथा सामुदायिक एवं सामाजिक सेवा के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को महावीर पुरस्कार प्रदान कर रहा है. प्रत्येक श्रेणी में पुरस्कार के तौर पर 10 लाख रुपये प्रदान किया जाता है. नामांकन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30 अगस्त, 2025 है. नामांकन पत्र www.bmfawards.org से डाउनलोड किया जा सकता है.

# राष्ट्र चेतना को जागृत रखती हैं कविताएं : सबनानी

**संत हिरदाराम नगर में विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति**

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 20 अगस्त. संत हिरदाराम नगर स्थित नंदवानी सभागार में राष्ट्रीय चेतना जा सुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवान दास सबनानी मौजूद रहे.**




कार्यक्रम का आरंभ भारतमाता, संत हिरदाराम जी तथा वरुणावतार झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. कार्यक्रम में कई विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति आधारित गीत और नाटकों की प्रस्तुति दी गई.

> मुख्य अतिथि विधायक सबनानी ने कहा साहित्य में इतनी क्षमता होती है कि कोई भी व्यक्ति वीर रस से परिपूर्ण इन कविताओं को सुनकर जोश से भर जाता है. और उसका मन चेतना से भर उठता है. इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 145 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की. जिसके बाद सभी बालक-बालिकाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए.

# मंच पर जीवंत हुआ अहिल्याबाई का शौर्य और सुशासन

## लोकमाता के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन

**भोपाल, 20 अगस्त. लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती समारोह की श्रृंखला में बुधवार को होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियट में नाटक लोकमाता अहिल्याबाई - जीवन, अवदान और वैभव का गान का मंचन हुआ.**

वरिष्ठ लेखिका रंजना चितले द्वारा लिखित, परिकल्पित और निर्देशित इस नाटक ने अहिल्याबाई के जीवन वृतांत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया. नाटक में उनके शौर्य, पराक्रम, अटूट संकल्प, समाज निर्माण के आदर्शों और जनकल्याणकारी कार्यों को बड़े प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा गया. मंच सज्जा, संवाद और भावभिव्यक्ति के साथ-साथ घटनाओं का क्रम दर्शकों को सीधे



उस युग में ले गया, जब अहिल्याबाई ने अपनी नीतियों और कार्यों से मालवा के गौरव को शीर्ष पर पहुंचाया था. नाट्य प्रस्तुति का आयोजन मध्यप्रदेश आजीविका मिशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय लेखन कार्यशाला के अंतर्गत हुई.

> **40 कलाकारों का दल मंच पर एकजुट**
> नाटक ने रचनात्मक सहयोग तानाजी राव का रहा, जबकि संगीत संयोजन श्रुति धर्मेश ने किया. प्रकाश परिकल्पना की जिम्मेदारी आदर्श शर्मा कमल जैन ने निभाई, वही नाटक में पोवाड़ा की सांगीतिक प्रस्तुति प्रसाद आदिनाथ विभूते ने दी. 90 मिनट की इस ऐतिहासिक यात्रा में लगभग 40 कलाकारों का दल मंच पर एकजुट होकर अहिल्याबाई की गाथा सुनाता रहा.

# मैनिट में नए विद्यार्थियों को बताए संस्थान के नियम

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 20 अगस्त. मैनिट में प्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह आयोजन सभी नये प्रवेशित छात्र लगभग पांच सौ पीएचडी, मास्टर ऑफ एग्रीकल्चर, एम टेक, एमबीए, एमएससी, एमसीए छात्रों के लिए किया गया.**

कार्यक्रम के तहत संस्थान की गतिविधियों, नियम व प्रावधान, लैब व रिसर्च सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गयी. संस्थान निदेशक डॉ के के शुक्ला ने सभी छात्रों को शिक्षा के



लिए प्रयत्नशील रहने और प्रवेश के लिए शुभकामनायें दी. इसके साथ ही दीक्षारम्भ के माध्यम से छात्रों को डीन अकादमिक, डीन रिसर्च, चेयरमैन छात्रावास, प्लेसमेंट ऑफीसर ने संस्थान में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं व अवसरो के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम का आयोजन डॉ शैलेन्द्र जैन, डीन छात्र कल्याण व सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ मीना अग्रवाल ने किया.

## सदाशिव रूप में सजे बाबा बटेश्वर



**भोपाल, 20 अगस्त.** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा बुधवार को बुध प्रदोष के अवसर पर मौसंबी के रस एवं पंचामृत से बाबा बटेश्वर का अभिषेक किया गया. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में रुद्राभिषेक के बाद सदा शिव स्वरूप में बाबा बटेश्वर का श्रृंगार कर रात 10 बजे महा आरती की गई. श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. उक्त आयोजन में आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, मोनू राठौर, सौरभ जैन, प्रकाश मालवीय उपस्थित थे.

# नशे से हल नहीं होतीं परेशानियां : डीआईजी सिंह

## आरएनटीयू में नशामुक्ति के तहत निबंध लेखन, रंगोली सहित अन्य स्पर्धाएं आयोजित

**भोपाल, 20 अगस्त. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मानविकी एवं उदार कला संकाय तथा पहल नशा मुक्ति केंद्र एवं यूथ फार सेवा भोपाल चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान की द्वितीय श्रृंखला के तहत जिला स्तरीय निबंध लेखन, भाषण, पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

इसमें एक और विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से नशे के विभिन्न पक्षों पर अपनी बात को रखा, वहीं रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रंगों के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया.



> सारस्वत अतिथि एसपी स्पेशल टास्क फोर्स राजेश सिंह भदोरिया ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान पर समाज में बहुत चर्चाएं होती हैं व्याख्यान होते हैं बातें होती हैं, परंतु आज बातें करने की बजाय आगे आकर काम करने की आवश्यकता है. राष्ट्रीय सेवा योजना के जो स्वयंसेवक हैं वह नशा मुक्ति अभियान को गांव-गांव लेकर जाएं, बस्ती घर-घर लेकर जाएं. जब सब लोग मिलकर नशा मुक्ति अभियान को लेकर समाज को जगाएंगे.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी एमके सिंह ने कहा कि कई लोग परेशानियों से आने वाले गम को दूर करने के लिए नशा कर लेते हैं. लेकिन जिस प्रकार अंधेरे से अंधेरा दूर नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार नशे से भी परेशानियों को दूर नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि हमारे देश के महापुरुषों से प्रेरणा लें तथा नशा करना ही है तो समाज को सुधारने का, देश भक्ति का नशा करें उसी से हमारा देश आगे बढ़ेगा हमारा समाज उन्नत बनेगा.

**प्रशिक्षण** | **दृष्टिबाधित छात्रों के लिए वरदान बना ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन**

# दृष्टिबाधित युवाओं की आंखों में बेहतर भविष्य का सपना

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 20 अगस्त. जहां चाह है, वहां राह है... यह वाक्य मौजूदा समय में भोपाल के उन दृष्टिबाधित दिव्यांगों पर खूब जंचती है. जो शिवाजी नगर स्थित ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन में व्यावसायिक प्रशिक्षण ले रहे हैं.**

विगत कई वर्षों से स्थापित यह संस्थान दृष्टिबाधित छात्रों के लिए अवसर और प्रशिक्षण का केंद्र बना हुआ है. एक ऐसा केंद्र जो उनके जीवन को दृष्टि देता है, जो प्रकृति की देन से चूक गए. संस्थान में लगभग 50 छात्रों को हर वर्ष शिक्षित कर उन्हें जीवन



के अगले पड़ाव के लिए विभिन्न स्किल्स से तैयार किया जाता है. संस्थान में 9 वीं से 12 वीं की पढ़ाई के लिए छात्रों को छात्रावास की सुविधा दी जाती है. इसके साथ ही उनके सपनों को पंख देने का कार्य यहाँ मौजूद प्रशिक्षकों द्वारा किया जाता है. एसोसिएशन के संचालक कमल सेमानिया ने बताया इस वर्ष अब तक 40 से अधिक छात्रों ने छात्रावास में दाखिला ले लिया है.

> उन्होंने बताया संस्थान में व्यावसायिक, संगीत, ब्रेन लिपि, और कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता है. जो उन्हें कौशल और शिक्षा दोनों से परिपूर्ण करता है. पिछले वर्ष लगभग 60 से 70 प्रतिशत छात्रों ने 10 वीं और 12 वीं में उत्तीर्ण होकर विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला भी लिया. कुछ तो सांस्कृतिक, व्यावसायिक और खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.

सभी नूतन सुभाष शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय पंचशील नगर में पढ़ने जाते हैं. सभी छात्र आम छात्रों के बीच ही शिक्षा ग्रहण करते हैं. और इसके लिए विद्यालय द्वारा क्लास रूम के पाठ्यक्रम को रिकॉर्ड करके भी दिया जाता है.

जिससे बाद में वह विषयों को सुनकर और अच्छी तरह से समझ सकें. उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को निशुल्क तौर पर रहने खाने और अन्य जरूरी चीजों को व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाती है. इस पूरे कार्य को सफल बनाने के लिए हमें प्रदेश सरकार और कुछ एनजीओ द्वारा सहयोग दिया जाता है. जो बच्चों के हित के लिए उपयोगी होता है.

# 41 बच्चों ने सीखा माटी से गणेश प्रतिमा बनाना

**जनपरिषद का हर घर गणेश अभियान**

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 20 अगस्त. मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड फंदा भोपाल द्वारा आयोजित माटी गणेश, सिद्ध गणेश कार्यक्रम के तहत बुधवार को कार्यशाला आयोजित हुई. संत हिरदाराम नगर के झूलेलाल मंदिर में माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का शुभारंभ किया गया. जिसमें जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नगर, परिषद के कार्यपालक निदेशक बकुल लाड ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया.**




संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव, भोपाल संभाग समन्वयक वरुण आचार्य तथा जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी, विकास खण्ड समन्वयक नंद किशोर मालवीय, नवांकुर चयनित संस्था लुवाणा एज्युकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कैलाश लुवाणा एवं झूलेलाल समिति के सभी सदस्य तथा स्कूल के 41 बच्चों द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई. जिसमें जितेंद्र राठौर द्वारा सभी को माटी से गणेश बनाना सिखाया गया. यह प्रशिक्षण 5 दिन 25 अगस्त तक निरंतर इसी प्रकार चलेगा